### जंगलों में गिद्धों की गणना 17 से 19 फरवरी तक वनवृत्त छिंदवाड़ा में हुई सम्पन्न

# राज्यव्यापी गिद्ध गणना पूरी, जिले में गिद्धों की संख्या पहुंची 116

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



देश मे गिद्ध गणना में मध्यप्रदेश पहला राज्य है जहां व्यवस्थित रूप से गणना पूरी हो गई है। प्रकृति में अहम भूमिका निभाने वाले गिद्धों के संरक्षण के लिए वन विभाग सतत जुटा हुआ है। गिद्ध संरक्षण से जुड़े गिद्ध गणना अभियान इसी को लेकर जिले के जंगलों में गिद्धों की गणना 17 से 19 फरवरी तक वनवृत्त छिंदवाड़ा में सम्पन्न हुई।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) भोपाल के निर्देश पर मुख्य वन संरक्षक वनवृत्त छिन्दवाड़ा के आदेशानुसार छिन्दवाड़ा वनवृत्त अंतर्गत नोडल अधिकारी/पश्चिम छिन्दवाड़ा वनमंडल के नेतृत्व में प्रदेश व्यापी गिद्ध गणना 2025 कार्य तीन दिवस में दिनांक 17.02.2025, 18.02.2025 एवं 19.02.2025 में पूर्ण की गई।

प्रदेश व्यापी गिद्ध गणना के प्रथम चरण में छिन्दवाडा जिले के अंतर्गत वनक्षेत्रों में प्रथम दिवस दिनांक 17 फरवरी 2025 को तीनों वनमण्डलों में गणना में पश्चिम छिन्दवाड़ा वनमंडल के परिक्षेत्र तामिया एवं पूर्व वनमंडल के परिक्षेत्र छिन्दी, अमरवाड़ा, पूर्व हर्रई, पश्चिम हर्रई एवं पश्चिम बटकाखापा में विभिन्न प्रजाति के 85 वयस्क तथा 7 अवस्क गिद्ध कुल 92 गिद्ध पाए गए। जिसमें (1) लांग बिल्ड 35. (2) देशी गिद्ध 12, (3) इंडियान/लॉग विल्ड गिद्ध देशी 37, (4) सफेद या इजिप्शियन गिद्ध 8 पाए गए।

इसी प्रकार गणना के द्वितीय दिवस 18 फरवरी 2025 को विभिन्न प्रजाति के 89 वयस्क तथा 5 अवस्क गिद्ध कुल 94 गिद्ध पाए गए। जिसमें (1) इंडियान / लॉग विल्ड गिद्ध देशी 44, (2) देशी गिद्ध 40, (3) सफेद पीठ या व्हाईट वैक्ड गिद्ध 8, (4) यूरेशियन ग्रिफन 2 पाए गए।

इसी प्रकार गणना के तृतीय दिवस दिनांक 19.02.2025 को विभिन्न प्रजाति के 102 वयस्क तथा 14 अवस्क गिद्ध कुल 116 गिद्ध पाए गए। जिसमें (1) इंडियान/लॉग विल्ड गिद्ध देशी 61, (2) देशी गिद्ध 47, (3) सफेद पीठ या व्हाईट वैक्ड गिद्ध 6, (4) इजिप्शियन गिद्ध 2 पाए गए।

तीनों दिवस की गणना का अवलोकन करने पर यह पाया गया कि इस वर्ष 2025 की गणना अनुसार वन वृत्त छिन्दवाड़ा के अंतर्गत 116 गिद्धों की संख्या पाई गई। जबकि विगत वर्ष 2024 तीनों दिवस की गणना अनुसार 81 गिद्धों की संख्या पाई गई थी। जिसमें 35 गिद्धों की संख्या में वृद्धि पाई गई है। सोमवार से शुरू हुई इस गणना में पहले ही दिन गिद्धों की आबादी बढ़ने कें संकेत मिल गए थे। पश्चिम और पूर्व वनमंडल के अलग-अलग चिन्हित स्थानों में अवयस्क सहित 116 गिद्ध पाए गए है जबकि पिछली गणना में इसकी संख्या 89 थी। तामिया पातालकोट की वादियों में इन गिद्धों की संख्या सबसे अधिक देखी जा रही है।

इस गणना में विलुप्त हो रही प्रजाति के अलावा सबसे अधिक लांग बिल्ड यानी देशी गिद्धों की संख्या ज्यादा आई है। वन अमले की माने तो कम हो रही गिद्धों की प्रजाति के बीच इस प्रकार का आंकड़ा वृद्धि संकेत है।गिद्ध गणना में मिले कुल 116 गिद्धों ने अपने लिए ठिकाना बनाया है। यहां पर वन अमले द्वारा किए गए चिन्हित स्थलों में गिद्धों के घोंसले, चट्टान और स्मारकों के अलावा पेड़ पसंदीदा जगह बने है। यहां 101 घोंसले, चट्टान स्मारक मिले है जहां पर गिद्ध निवास करते है। इसके अलावा एक घोंसले की सख्या भी मिली है। यहां पर लांग बिल्ड, इंडियन, सफदे या इजिप्शियन गिद्ध बहुतायत मिले है।

गिद्ध गणना में तामिया रेंजर हिमांशु विश्वकर्मा तथा छिंदी रेंजर प्रशांत शर्मा अपने अमले के साथ जुटे रहे। वही प्रकृति प्रेमी सहयोगियों में राजेंद्र सिंह राजपूत रीवा के लास्ट वल्चर फाउंडेशन के नीतीश अग्रवाल सहित अन्य सहभागी रहे।

**इनका कहना है**

गिद्धों की गणना सोमवार से शुरू हो गई है 17 से 19 फरवरी तक तीन दिन की गणना हुई है। में 116 इसमें 102 व्यस्क और 14 अव्यस्क गिद्ध शामिल है। गिद्धों की संख्या में वृद्धि हुई है।
**एच.सी. बघेल, एसडीओ, पश्चिम वनमंडल**

तामिया में 49 की कुल संख्या है जिसमे वयस्क 44 अवयस्क 9 है। बीते साल ये संख्या 43 थी । इस वर्ष की गिद्ध गणना में वृद्धि हुई है।
**हिमांशु विश्वकर्मा, रेंजर तामिया**

#### सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से हो रहा मुरम उत्खनन

## सड़क बनाने के लिए अवैध उत्खनन कर बिछाई जा रही मुरम



हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई

बंडोल से चौरई के बीच करोड़ों रुपये के निर्माणाधीन हाईवे के लिए क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन किया जा रहा है, जिसमें बड़े पैमाने पर पथरीली जमीन खोदकर बड़े-बड़े पत्थर निकाले जा रहे हैं, जिनका उपयोग गिट्टी मशीन लगाकर गिट्टी बनाने में किया जा रहा है। साथ ही लगभग कुंडा क्षेत्र मे जमीन खोदकर मुरम भी निकाली जा रही है। उत्खनन से निकलने वाली मुरम का प्रयोग हाईवे की फीलिंग में किया जा रहा है।

इस पूरे मामले में चौंकाने वाली बात यह है कि ठेकेदार द्वारा उत्खनन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर किसी भी प्रकार की उत्खनन से जुड़ी हुई अनुमति नहीं ली गई है। वहीं इससे खनिज अधिकारी व एसडीएम भी बे-खबर हैं। जबकि सड़क निर्माण कर रही कंपनी के मेनेजर की मानें तो वह स्वीकृति के बाद खनन कर रहा है। इससे लाखों रुपये की शासन को राजस्व हानि पहुंचाई जा रही है।

अमरवाड़ा से चौरई के बीच रामगढ़ से चौरई तक 15 किमी का स्टेट हाईवे करोड़ से बनने है, इसका ठेका रीवा की कंपनी उदित इंफ्रास्ट्रक्चर कर रही है, लेकिन सड़क के बेस तैयार करने के लिए बिना परमिशन के ही ठेकेदार द्वारा क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध उत्खनन किया गया है, जिससे दिन ब रात निर्माणाधीन हाईवे के लिए अवैध खनन कर ओवरलोड डंपर सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिससे राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है, लेकिन इस अवैध उत्खनन पर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी आंखें मूंद कर बैठे हैं।

जबकि चौंकाने वाली बात यह है कि यह अवैध उत्खनन पिछले लगभग एक माह से दिनों से इसी प्रकार दिन ब रात चल रहा है, लेकिन कमाल की बात हैकि प्रशासन की नाक के नीचे इस प्रकार का अवैध उत्खनन चल रहा है और संबंधित अधिकारियों को इसकी भनक होने के बाद भी कोई कार्यवाही तक नहीं है, जो कहीं न कहीं प्रशासनिक अधिकारियों की ठेकेदार के साथ अच्छी सांठगांठ का संकेत देती है।

नगर के कुछ सफ़ेद पॉस के तार जुड़े होने की जानकारी प्राप्त हो रही है ज्ञात हो कि किसी भी ठेकेदार को खनन करने के लिए खनिज विभाग व राजस्व विभाग से परमिशन लेनी होती है, उसके बाद ही कोई खनन मान्य माना जाता है, लेकिन यहां ठेकेदार द्वारा न तो राजस्व विभाग से और न ही खनिज विभाग से किसी भी प्रकार की खनन से जुड़ी कोई वैध परमिशन ली गई है।

## 24 मप्र बटालियन एनसीसी ने आयोजित किया अलंकरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



छिंदवाड़ा संभाग के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि 24 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी यूनिट ने समस्त मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य में मौजूद 62 एनसीसी यूनिट की अंतर इकाई वार्षिक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित किया। छिंदवाड़ा के लिए यह गौरव का पल ऐतिहासिक है। इस उपलक्ष्य में 24 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी ने अपनी इकाई में गत दिवस एक अलंकरण समारोह आयोजित किया जिसमें छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा महापौर श्री विक्रम अहके भी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि सांसद श्री साहू का सत्कार पारंपरिक एनसीसी गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया गया। इसके बाद सांसद श्री साहू ने उत्तम प्रशासनिक कार्य एवं योगदान के लिए 24 मध्यप्रदेश बटालियन के एनसीसी ऑफिसर, प्रशिक्षक, ऑफिस कर्मचारी एवं एनसीसी कैडेट को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया। उपस्थित एनसीसी के अधिकारियों कर्मचारी और कैडेट्स को संबोधित करते हुए सांसद श्री साहू ने उनके निरंतर कर्मठ कार्य शैली और मेहनत की सराहना की एवं समस्त मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में आयोजित अंतर इकाई वार्षिक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने पर शुभकामनाएं दी।

### संजय नगर में मनाई श्री छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

**सौंसर।** बुधवार को संजय नगर के प्रबुद्ध बौध्द विहार में सुजाता महिला मंडल द्वारा श्री छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। तथागत बुद्ध,श्री छत्रपति शिवाजी महाराज एवं संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा सम्मुख दीप प्रज्वलन माल्यार्पण एवं अभिवादन महिला मंडल के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।जयंती समारोह को संबोधित करते हुए बौद्ध नवयुवक युवति परिचय सम्मेलन समिति सौसर मार्गदर्शक मुरलीधर कामले ने कहा कि श्री छत्रपति शिवाजी महाराज ने जीवन भर वंचित लोगों के न्याय दिलाने स्वराज की स्थापना के लिए काम किया है। महात्मा ज्योतिबा फुले ने सर्वप्रथम श्री छत्रपति शिवाजी महाराज के समाधि का शोध लगाकर श्री छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई थी। डॉ बाबासाहेब अंबेडकरजी ने महाड़ पानी सत्याग्रह काजय शिवराय,जय ज्योतिबा का नारा देकर आंदोलन की शुरुआत की थी। जयंती समारोह को श्रीमती प्रिया नगरारे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सुजाता महिला मंडल की प्रभाबाई ठवरे,प्रतिभा गजभिये,माया बागड़े,अनिता सोमकुंवर, शिल्पा वाहने,अर्चना सोमकुंवर, शिल्पा नागदवने,सुरेखा चौरे, नदा निकोसे,विजय नागदवने,सिद्धार्थ सोमकुंवर,मुकेश बागड़े,कैलास गजभिये,सतीश बंसोड़ आदि थे।



### भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड़ ने की मुख्यमंत्री से भेंट



**सौंसर।** मंगलवार को जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेट करते हुये पांढुर्णा जिले के विकास कार्यो के साथ-चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर जामसांवली में प्रस्तावित हनुमान लोक परियोजना को गति देने पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड ने बताया कि, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेट के दौरान पांढुर्णा जिले के सौसर एवं पांढुर्णा विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यो को आवष्यक आवटंन तथा नवीन प्रस्तावित विकास कार्यो को स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया है। इसके अलावा अन्य विषयों पर भी चर्चा की। वही श्री मोहोड द्वारा जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिह तोमर से भेट कर जिले की संगठनात्मक एवं विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। अवसर पर प्रदेश भाजपा मिडीया प्रभारी एड. अजय धवले उपस्थित थे।

### मुख्य मंत्री कन्यादान योजना का लाभ उठाने नपाध्यक्ष ने की अपील

**परासिया :** राज्य सरकार द्वारा घोषित मुख्यमंत्री कन्या दान योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन आगामी मार्च माह में निर्धारित है । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवी ने इस योजना का लाभ अधिक से अधिक उठाने की अपील करते हुए कहा , कि जो भी व्यक्ति सामूहिक विवाह में विवाह कराना चाहते हैं वे कार्यालयीन समय में फार्म भर कर जमा कर सकते हैं । फार्म नपा कार्यालय में उपलब्ध हैं । फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी है । सामूहिक विवाह का आयोजन 13 मार्च को होगा । इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से संपर्क साधा जा सकता है ।

**जिला स्तरीय स्टेंडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन आज**

छिंदवाड़ा जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

## परीक्षा के पहले बच्चों का स्तर सुधारने किया आवासीय क्लासेस का प्रयोग

#### 15 दिन के लिए 30 छात्रों को आवासीय व्यवस्था के साथ विविध गतिविधियों के साथ किया जा रहा तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा के ठीक पहले स्कूल में नवाचार कर बच्चो को तनावमुक्त कर परीक्षा की तैयारी कराने को लेकर सतपुड़ा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल चर्चाओं में है यहां 15 दिन के लिए 30 छात्रों को आवासीय व्यवस्था के साथ अनुशासित विविध गतिविधियों के साथ तैयार किया जा रहा है।

सतपुड़ा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल पांडुपिपरिया के संचालक अमन साहू ने बताया कि कक्षा 12 और 10 की बोर्ड परीक्षा 25- 27 फरवरी से शुरु हो रही है। 8 फरवरी से कक्षा 10 के 14 तथा 12 के 16 कुल 30 विधार्थियो के लिए आवासीय पढ़ाई कराने की व्यवस्था की गई है। यहां बच्चे अलसुबह 4 बजे योग व्यायाम के साथ अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं । सुबह नाश्ते के बाद स्कूल की पढ़ाई के बाद शाम 5 बजे से 9 बजे तक फिर कक्षाएं लगती है। यहां पर हर विषय के शिक्षक विषयवार तैयारी करा रहे है । बीते 8 से 22 फरवरी तक के लिए रेसिडेंशियल स्पेशल क्लास प्रोग्राम में बच्चे उत्साह से जुटे है। पढ़ाई के साथ समय समय पर अन्य गतिविधियां होती है। प्रिंसीपल नम्रता डेनियल, अमित दत्ता, अलीसामा सोना अनिल सर अन्य शिक्षक जुटे हुए है।

आदीवासी बहुल विकासखंड तामिया विकासखंड के एकमात्र सीबीएसई पैटर्न वाले पातालकोट रोड पांडुपिपारिया में स्थित सतपुड़ा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल इन दिनों आगामी 15 दिनों के लिए आवासीय विधालय में बदल गया है । पालकों द्वारा परीक्षा के पहले बच्चो की पढ़ाई में लापरवाही की शिकायत आम है ऐसे में स्कूल के डायरेक्टर अमन साहू ने शिक्षा के क्षेत्र में नया प्रयोग किया है । यहां स्कूल में 30 छात्रो के लिए स्कूल के साढ़े नौ से चार बजे के समय के बाद डेढ़ घंटे के खेल कालखंड के बाद डेढ़ घंटे के तीन विषय की अलग अलग क्लास लगती है जिसमे प्रिंसीपल नम्रता डेनियल अंग्रेजी वाइस प्रिंसीपल अमित दत्ता,अलीसामा सोना अनिल सर अन्य शिक्षक विषयवार पढ़ा रहे है।

डायरेक्टर अमन साहू ने बताया की अलसुबह मेडिटेशन योगा स्कूल की पढ़ाई और नाश्ते के बाद स्कूल के समय बच्चे रूटीन क्लासेस में रहते है । विशेष कक्षाओं के लिए आवासीय व्यबस्था ऊपरी हाल में की गयी है। आवासीय व्यवस्था देखने शिक्षक वही रह कर तैयारी देख रहे है। तामिया में शिक्षा के इस नवाचार चर्चाओं में है। 2017 में भी कक्षा 4से 8 तक 46 बच्चो को कैम्प कर पढ़ाया गया था। स्कूली बच्चे घर से कुछ दिन सामूहिक गतिविधियों के साथ पढ़ाई के साथ इस कैम्प को लेकर खास उत्साहित है ।

## सांसद ने पंचकल्याणक महोत्सव में लिया महाराज का आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू ने विगत दिनों पंचकल्याणक महोत्सव में पहुंचकर कार्यक्रम में मौजूद श्री 108 पूज्य सुप्रभात सागर जी महाराज, महाराज प्रणसागर जी एवं आचरण सागर जी महाराज जी का आशीर्वाद लेते हुए जिलेवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। उल्लेखनीय है कि मोहखेड़ में 15 से 19 फरवरी तक आयोजित इस विशाल पंचकल्याणक महोत्सव में प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रातःकाल मंगलवाद्य, जिनाभिषेक, शांतिधारा, नित्य पूजन, तप कल्याणक पूजन एवं शांति होम सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। विगत दिनों सांसद श्री साहू ने कार्यक्रम में पहुंचकर इस विशाल आयोजन को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए आयोजन समिति के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। इस दौरान सर्वप्रथम समिति की ओर से सांसद श्री साहू का सम्मान किया गया। सांसद श्री साहू ने सभी महाराजों का आर्शीवाद लिया और कार्यक्रम स्थल पर ही बैठकर उनकी अमृत वाणी को सुना।

इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़, वरिष्ट भाजपा नेता संतोष जैन, परमजीव बिज, जगेन्द्र अल्डक, चंद्रकुमार (चंदू जैन), सौरभ ठाकुर, रोहित पोफली, मदन साहू, गगन कोल्हे, एसडीएम सुधीर जैन, भाजपा नेता लखन, जित्तू राय एवं ग्राम के सभी भाजपा नेता और कार्यकर्ता सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु गण उपस्थित थे।

#### छत्रपति शिवाजी जयंती पर शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाले को किया सम्मानित

# मराठा समाज ने धूमधाम से मनाई शिवाजी जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



छत्रपति शिवाजी मंडल छिंदवाडा द्वारा शिवाजी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में स्थानीय छत्रपति शिवाजी चौक छिंदवाड़ा में सामाजिक क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले समाजसेवी, भूतपूर्व सैनिकों,अयोध्या मंदिर निर्माण हेतु कारसेवकों, साहित्यकारों एवं शिक्षा जगत में बच्चो का भविष्य निर्माता शिक्षकों का सम्मान किया गया।

शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए संजय सिन्हा प्रभारी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगोड़ी को बेहतर स्कूल प्रबंधन, संकुल स्तर पर शिक्षकों के सहयोग के लिए शिक्षक अरविंद भट्ट विकासखंड अकादमिक समन्वयक जनपद शिक्षा केंद्र मोहखेड़ को साहित्यिक गतिविधियों एवं विकासखंड में कक्षा एक से आठ के विद्यालय में शैक्षणिक नवाचारों, विद्यालयों को उपहार योजना का लाभ दिलाने शिक्षकों को विशेष प्रोत्साहन के लिए संतोष डोंगरे जनशिक्षक जनशिक्षा केंद्र लिंगा को जनशिक्षा केंद्र स्तर पर विशेष कार्य हेतु तथा रेशम डिगरसे भूतपूर्व सैनिक एवं माध्यमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक शाला तिकाड़ी को बच्चों के शैक्षणिक स्तर बढ़ाने एवं स्कूल परिसर को अतिक्रमण मुक्त कर बेहतर साज सज्जा,रंग रोगन एवं मध्यान्ह भोजन की विशेष व्यवस्था बनाने के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज एवं अयोध्या राम मंदिर मोमेंटो,शाल,श्रीफल प्रमाण पत्र एवं 2100/- की नगद राशि नरेंद्र पटेल, अक्षत ओक्टे, पंडित राकेश शर्मा,नरेंद्र माहोरे व समिति सदस्यों के हस्ते प्रदाय कर सम्मानित किया गया।

शिक्षा विभाग के चारों शिक्षकों द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में लगनता, कर्मठता, एवं समर्पणता से प्रभावित होकर छत्रपति शिवाजी मंडल छिंदवाडा ने शुभकामनाएं देते हुए सभी का आत्मीय अभिनंदन किया एवं सम्मान किया इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित रहे।

### एक प्राथमिक शिक्षक की एक वेतन वृध्दि असंचयी प्रभाव से रोकी जाकर किया गया दण्डित

**छिन्दवाड़ा।** जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल द्वारा विकासखंड मोहखेड़ की शासकीय प्राथमिक शाला रैयपुरा, संकुल केन्द्र उमरानाला के प्राथमिक शिक्षक गोपीचन्द भलावी द्वारा 24 दिसंबर 2024 को समय से एक घण्टे पूर्व ही शाला बंद किये जाने के कारण प्राथमिक शिक्षक श्री भलावी की एक वेतन वृध्दि असंचयी प्रभाव से रोकी जाकर दण्डित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल ने बताया कि जिले के विकासखंड मोहखेड़ की शासकीय प्राथमिक शाला रैयपुरा, संकुल केन्द उमरानाला के 24 दिसंबर 2024 को समय से एक घण्टे पूर्व ही बंद किये जाने की प्राप्त शिकायत की जांच, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द मोहखेड़ के द्वारा जनशिक्षक, जनशिक्षा केन्द्र सारंगबिहरी द्वारा कराई जाकर प्रतिवेदन 04 फरवरी 2025 को कार्यालय में प्रस्तुत किया गया। प्रतिवेदन के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला रैयपुरा संकुल केन्द्र उमरानाला विकासखंड मोहखेड़ में कुल 02 शिक्षक कार्यरत हैं तथा शाला में 15-बच्चे अध्ययनरत हैं। शाला में अध्ययनरत 15 बच्चों में से 11 बच्चे ओलम्पियाड की परीक्षा देने के लिए 24 दिसंबर 2024 को शाला के एक शिक्षक के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगबिहरी गये हुये थे।

### एक सप्ताह तक निरंतर चलने वाले भंडारे में लगभग एक लाख लोग भंडारे में करेंगे प्रसाद ग्रहण

# आज से महाशिवरात्रि पर्व पर विशाला-जुन्नारदेव में शुरू हुआ भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



महाशिवरात्रि पर्व पर आगामी 20 फरवरी से विशाला जुन्नारदेव में भंडारा प्रसाद ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित होगा। जो पूरे एक सप्ताह चलेगा जिसका समापन 27 फरवरी को होगा। इस आयोजन में लगभग 1 लाख भक्तजन अपनी उपस्थिति देकर भोजन (संपूर्ण भोजन जिसमें दाल, चावल, कड़ी, सब्जी, पूड़ी, हलवा, सलाद एवं फलहारी) प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस भंडारे की सबसे बड़ी खास बात यह है कि उक्त कार्यक्रम 24 घंटे चलता रहता है। ज्ञात रहे कि क्षेत्र में महाशिवरात्रि का विशेष महत्व होता है, क्योंकि न सिर्फ भक्तजन इस पर्व को पूरी श्रद्धा भक्ति भाव से मनाते हैं अपितु क्षेत्र के लाखों भक्त जन इस विशाला जुन्नारदेव पहली पायरी मार्ग से महादेव मठ जाते हैं और वहां पहुंच कर पूजन पाठ कर इसी मार्ग से वापस लौटते हैं। इस वर्ष के समय विशाला जुन्नारदेव में इस पर्व के समय हजारों भक्तजन उपस्थित रहते हैं, जिसमें कुछ पूजन पाठ जहां करते हैं, वही कुछ भक्त थक जाने के चलते यहां आराम करते नजर आते हैं इन बातों के चलते यहां भंडारा आयोजित किया जाता हैं। भंडारे की सारी तैयारी पूर्ण शिवभक्त कमल मदान ने बताया की विशाला जुन्नारदेव में आयोजित होने वाले भंडारे की सारी तैयारी पूरी कर ली है सर्वप्रथम भगवान शिव एवं परिवार की इस स्थान पर प्रतिमा बिठाएंगे फिर विधि विधान से पूजन अर्चन कर प्रतिमा की स्थापना कर आरती करेंगे।आगामी 20 फरवरी को इस स्थान पर जैसे ही भंडारे का श्रीगणेश होगा तो यह भंडारा पूरे एक सप्ताह चलेगा जिसका समापन 27 फरवरी को होगा। यह भंडारा (संपूर्ण भोजन जिसमें दाल चावल कड़ी सब्जी पूड़ी, हलवा, सलाद एवं फलहारी) दिन-रात चलता है यह इस बार एक लाख भक्त जन भोजन प्रसाद ग्रहण करेंगे ऐसा विश्वास किया जा रहा हैं। संपूर्ण भंडारे (संपूर्ण भोजन जिसमें दाल चावल कड़ी सब्जी पूड़ी, हलवा, सलाद एवं फलहारी) का आयोजन करते हैं।हमारे हनुमान मंदिर में भी लगा भोले का भंडाराश्री महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी जुन्नारदेव नगर से लगभग 7 किलोमीटर दूर पदम पठार पर स्थित हमारे हनुमान मंदिर मे भी भगवान भोले का भंडारा आयोजित किया जा रहा है। यह भंडारा आगामी 22 फरवरी से प्रारंभ होगा। सतपुड़ा के शिखर चौरागढ़ की यात्रा करने वाले अधिकतर श्रद्धालु यही से पचमढ़ी की ओर रवाना होते हैं। दिन और रात में यह भंडारा लगातार चालू रहता है।

### आदर्श ग्राम में पुस्तकालय का शुभारंभ

**जुन्नारदेव-**: ग्रामीण क्षेत्र के गांव को आदर्श ग्राम बनाने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन एवं ब्लाक समन्वयक संजय कुमार बामने के उपस्थिति में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चयनित नवांकुर संस्था दृष्टि सामाजिक विकास एवं कल्याण संस्था के नेतृत्व में खुमकाल सेक्टर 01 अंतर्गत ग्राम कन्हान वनग्राम के मुख्य तिराह मार्ग पर आदर्श ग्राम बोर्ड लगाया गया। साथ ही ग्राम कन्हान वनग्राम के रंगमंच में पुस्तकालय कि शुभारंभ स्थापना की गई। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधित्व झामसिंग पंद्राम, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक टेकचंदसिंह रघुवंशी, ग्राम रोजगार सहायक लीलाधर यदुवंशी, उप-सरपंच सुनील यदुवंशी, पेसा एक्ट ग्राम सभा अध्यक्ष जगदीश सरयाम, बलवंत राजबैठे, परामर्शदाता आयुषी मालवीय, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, दृष्टि सामाजिक विकास एवं कल्याण संस्था अध्यक्ष बुनेश राजबैठे, कोषाध्यक्ष धन्नू नागवंशी, वार्ड पंच चैतलाल उईके, बालकिशन यदुवंशी, बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं रोहित सरयाम, शिवराज कुमरे, रविना उईके, भारती पंद्राम, रीतू दर्शमा,अंजली दर्शमा, रविकांत उइके आदि ग्रामीणजन उपस्थित थे।




## वेकोलि ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, सैंकड़ों लोगों ने उठाया लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड ( वेकोलि ) पेंच प्रबंधन के द्वारा वेकोलि डिस्पेंसरी में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। जिसका लाभ सैंकड़ों लोगों ने उठाया। शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाईयां और स्वल्पाहार दिया गया ।पेंच कोयला प्रबंधन के द्वारा परासिया में स्थित डिस्पेंसरी में बुधवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें केन्द्रीय चिकित्सालय बड़कुही में पदस्थ दंत चिकित्सक कुणाल यादव , जनरल मेडिसिन विनिता लाल ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाईयां और परामर्श दी गई। शिविर में टी बी के दो मरीजों के अलावा सर्दी जुकाम, बुखार आदि के मरीजों ने उपचार कराया। शिविर में फार्मासिस्ट संदीप राय , स्टाफ महेन्द्र लाउत्रे, नेहा यदुवंशी, माया और शीला का विशेष सहयोग रहा ।

## फाउंडेशन ने मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

### शिवाजी राजे फाउंडेशन द्वारा मोक्षधाम स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



आज शिवाजी राजे फाउंडेशन पांढुर्णा ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास से मनाई। इस अवसर पर राष्ट्रीय हिन्दू संगठन, शिवाजी राजे फाउंडेशन द्वारा मोक्षधाम स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सभी पदाधिकारियों ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा को पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दीं। पदाधिकारियों ने बताया कि यह मराठा साम्राज्य के महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की 394 वीं जयंती है। 19 फरवरी 1630 को पुणे के शिवनेरी दुर्ग में जीजाबाई और शाहजी भोसले के घर जन्मे शिवाजी को मराठा साम्राज्य का सबसे महान योद्धा राजा

### इग्नू में प्रवेश की अंतिम तिथि 28 फरवरी

**जुन्नारदेव।** इग्नू विश्वविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 28 फरवरी निश्चित है शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में बीए बीकॉम बीएससी सहित डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट प्रोग्राम में प्रवेश प्रारंभ है। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं इग्नू के केंद्र अध्यक्ष डॉ ए के टांडेकर एवं समन्वयक डॉक्टर संगीता वाशिंगटन ने विद्यार्थियों से सीख रही प्रवेश सुनिश्चित करने की बात कही है।



### शिवधाम गरमेटा में भंडारे का आयोजन

**सिंगोड़ी।** शिव धाम गरमेटा में मंगलबार को किया गया भंडारे का आयोजन प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को हनुमान भक्तों द्वारा भंडारे को आयोजन किया जाता है जिसमें नगर एवं ग्रामीणों से आए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया शिवाय मंडली द्वारा बताया गया प्रतिदिन हनुमान जी की पूजा अर्चना की जाती है एवं शनिवार मंगलवार को भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें समस्त श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर लाभ अर्चित कर सकते हैं धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस हुई आतिशबाजी पटाखे फोड़े गए मुकेश कैलाश डेहरिया ने बताया कि 19 फरवरी को शिवलिंग की स्थापना हुई थी इन सभी को लेकर उत्साह के साथ आयोजन किया गया इसी के साथ शिवरात्रि के लिए भी शिव धाम में विशेष तैयारी के साथ समिति सदस्य जुटे हुए हैं शिवरात्रि में उपवास के लिए विशेष भंडारे एवं विशेष श्रृंगार झाकियां अभिषेक हल्दी रसम एवं भोलेनाथ की बारात इत्यादि का आयोजन भी होगा जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु भोलेनाथ के दर्शन को शिवरात्रि पर पहुंचते हैं।

## धूमधाम से मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती, निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



नगर में शिवराय संगठन की ओर से तीन दिवसीय श्री छत्रपति शिवाजी महाराज का जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान सांसद बंटी साहू ने श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर पहुंचकर प्रतिमा पूजन एवं माल्यार्पण किया।नगर में शाम को विशाल शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा ने नगर भ्रमण करते हुए छत्रपति शिवाजी महाराज का जय घोष किया इस दौरान विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत सत्कार किया गया। शिवजयंती कार्यक्रम प्रभारी निखिल जूनघरे ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज की 395 वीं जयंती पर सुबह श्री उपासनी गोदावरी स्वाध्याय कन्या संस्कार केंद्र की सदस्यों के द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ सांसद विवेक बंटी साहू,राजेंद्र ठवरे की उपस्थिति में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का महाकुंभ त्रिवेणी संगम के अमृतजल, सप्त नदियों के जल एवं पंचामृत,अभिषेक पूजन एवं महाआरती की गई।नगर में निकली शोभायात्रा में छत्रपति शिवाजी महाराज, मां जिजाऊ की झांकी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़, पूर्व नपा अध्यक्ष संजय राठी, नपा सौसर अध्यक्ष सुरेखा डागा, नपा सौसर उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे एवं पार्षद गण, नपा मोहगांव अध्यक्ष संदीप घाटोड़े, पूर्व नपा अध्यक्ष लक्ष्मण चाके, राहुल मोहोड़,आदित्य दवड़े,प्रमोद बीघाने आदि उपस्थित थे।श्री छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सांसद विवेक बंटी साहू ने कहा कि इस राष्ट्र के स्वराज्य स्थापना में छत्रपति शिवाजी महाराज का महत्वपूर्ण योगदान है, छत्रपति महाराज हमारे और हिंदू समाज के लिए देवतुल्य बताया।

## किरनापुर में शांति समिति की बैठक -एसडीएम ने महाशिवरात्रि, रमजान और होली को लेकर लिए सुझाव ,रजक तत्वों पर रहेंगे नजर



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** थाना परिसर में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने पुलिस थाना प्रभारी अशोक कुमार ननामा और तहसीलदार श्री मति पूर्णिमा भगत व क्षेत्र के प्रमुख नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य महाशिवरात्रि, होली और रमजान के त्योहारों को सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराना था। एसडीएम कार्तिकेय जयसवाल ने सभी समाज के लोगों से मिलजुल कर त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

थाना प्रभारी ने अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की थाना प्रभारी अशोक कुमार ननामा ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान पुलिस टीमें लगातार गश्त करेंगी। माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में क्षेत्र के प्रमुख नागरिकों से स्थानीय परिस्थितियों की जानकारी ली गई जिसमें बताया गया की कक्षा दसवीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षा का समय नजदीक हैऔर डीजे की तेज ध्वनि होने पर बच्चों पर इसका असर पड़ सकता है जिसकी आवाज मीडिया ने उठाई है। जिस पर एसडीएम महोदय नेअ अअगौर करते हुए अपनी डायरी में नोट किया और आश्वासन भी दिया गया की डीजे संचालकों औअअअऔकी बैठक रखी जाएगी उन्हें इस पर सुझाव दिये जाएगे,उनके सुझाव भी लिए गए। प्रशासन का पूरा ध्यान त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने पर है। बैठक में उपस्थित यूसुफ पटेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, रामकुमार राणा जन भागीदारी समिति अध्यक्ष, बेनी प्रसाद अग्रवाल पूर्व सरपंच, राधेश्याम सिंघनधूपे जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, डीडी मेश्राम ,दिनेश नेवारे, ऋषिकेश भास्कर , राजेश भूते, आशीष सोनी, विनोद भिमटे ,प्रणय चौहान ,मनीष परिहार, मनीष धार्मिक, केशा के अपूर्व सरपंच महेश बिसेन एवं ग्राम के और भी गणमान्य नागरिक व थाना स्टाफ उपस्थित रहा ।

### 10 घंटे बिजली से नहीं हो पाती हैं पूरी सिंचाई

# किसानों ने की 24 घंटे बिजली देने की मॉग

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

किसानों की सरकार होने का दावा करने वाली राज्य सरकार और केंद्र सरकार का दावा हर बार किसानों की बारी आने पर खोखला साबित होता हैं। किसानों को बढ़ी हुई दरों पर धान खरीदने का वादा प्रदेश में लागू नहीं होने से किसान आज तक असंतुष्टता का दंश झेल रहा हैं। वहीं अब रबी की फसल लगाने का अवसर आया, तो शासन ने 10 घंटे से ज्यादा बिजली नहीं देने का फरमान जारी कर दिया। जिससे किसान अब और असंतुष्टता की दहलीज पर आ खड़े हुए हैं।

किसानों का कहना है कि 10 घंटे लगातार बिजली की सप्लाई मिलने पर एक डेढ़ एकड़ खेती की सिंचाई हो पाती हैं, ऐसे में किसान अपनी लगी हुई धान को बिना सिंचाई के कैसे बचा पाएगा? यह यक्ष प्रश्न अब किसानों का फिर एक बार पसीना निकालने पर आमदा हैं। शासन-प्रशासन से किसानों ने अपनी संयुक्त राय में कहा है कि वर्तमान समय में धान की बुवाई पूर्ण होकर रोपाई का कार्य 50 प्रतिशत तक हो चुका है और फीडर सेपरेशन का कार्य अधूरा हैं। इसके पूर्ण होने के बाद अगर 10 घंटे बिजली सप्लाई कृषकों को दी जाएगी, तो किसानों की फसल को भारी क्षति होकर फसल सूख जाएगी। जिससे कृषक को आर्थिक, शारीरिक, मानसिक शोषण एवं पीड़ा का दंश झेलना पड़ेगा, जिससे कृषकों में अभी से भारी असंतोष व्याप्त होना प्रारंभ हो चुका हैं। किसानों के साथ इस अन्याय की लकीर उनके माथे पर स्पष्ट दिखाई दे रही हैं।

किसानों ने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की मंशा रखती हैं, वह 10 घंटे की विद्युत पूर्ति में कैसे पूर्ण हो पाएंगी? इस पर शासन-प्रशासन को पुनः विचार कर किसान को पर्याप्त विद्युत सप्लाई दी जाए। जिससे कृषक अपनी रबी की फसल अधिकाधिक मात्रा में ले सके और कम से कम 15 मई तक 24 घंटा बिजली सप्लाई करने के लिए अपने नियम फेडरेशन सेपरेशन कर 10 घंटा सप्लाई करने में ना बाधा पैदा करें, जिससे आम कृषक परेशान ना हो जाए।



वर्तमान समय में किसानों को 24 घंटे सप्लाई होगी, तो ही रबी की फसल बहुतायात मात्रा में निकाली जा सकती हैं, अन्यथा किसानों को फिर एक बार खून के आंसू रोने पर विवश होना पड़ेगा। रामपायली, सोनझरा, खापा, जबरटोला के सैकड़ों किसानों ने अपने हस्ताक्षर युक्त आवेदन पत्र वरिष्ठ अभियंता वारासिवनी, विधायक विवेक पटेल, सांसद श्रीमती भारती पारधी बालाघाट, कनिष्ठ अभियंता रामपायली को दिया है।

### कुएं में मिली लाश, पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच

**कटंगी।** कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम जाम के करनु टोला में बुधवार की सुबह कुएं में एक स्थानीय शख्स की लाश पुलिस ने बरामद की गई है. मृतक की पहचान लोकेश टेम्भरे के रूप में हुई है. हादसा कैसे हुए है इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है. पुलिस ने लाश दिखाई देने की सूचना मिलने पर सुबह करीब 08 बजे मौके पर पहुंचकर शव बरामद किया और पंचनामा कार्रवाई करने के बाद मर्ग कायम कर दोपहर 12 बजे शव का पीएम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर जांच विवेचना शुरू दी है. ग्रामीणों के अनुसार लोकेश टेम्भरे पेशे से चिकित्सक थे और गांव में ही प्रैक्टिस करते थे. उनकी लाश मिलने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे. ग्रामीणों ने उनकी मौत पर गहरा दुख जताया है. वहीं पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### एसडीएम, एसडीओपी की उपस्थिति में लांजी थाने में हुई बैठक

# महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी थाना परिसर में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। एसडीएम कमलचंद सिंहसार ने पुलिस अधिकारियों और क्षेत्र के प्रमुख नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का मुख्य उद्देश्य महाशिवरात्रि और दस दिवसीय मेले को सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराना था। एसडीएम श्री सिंहसार ने सभी समाज के लोगों से मिलजुल कर महाशिवरात्रि पर्व को मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर कोई माहौल बिगाडऩे की कोशिश करे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। इस मौके पर एसडीओपी अंजुल अयंक मिश्र ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। उन्होंने कहा महाशिवरात्रि के दिन एवं मेले के दौरान पुलिस टीमें लगातार गश्त करेंगी। माहौल बिगाडऩे की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में क्षेत्र के प्रमुख नागरिकों से स्थानीय परिस्थितियों की जानकारी ली गई और उनके सुझाव भी लिए गए। प्रशासन का पूरा ध्यान इस दस दिवसीय पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने पर है। इस संबंध में जानकारी से अवगत कराते हुए एसडीएम कमलचंद सिंहसार ने बताया की लांजी नगर परिषद अंतर्गत कोटेश्वर महादेव का भव्य मंदिर है जिसमें महाशिवरात्रि के दौरान हजारों की संख्या में दर्शनार्थी यहां पहुंचते हैं और इसके अलावा पांच दिवसीय मेले का भी आयोजन किया जाना है जिसके संबंध में आज पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी।

**दुकानो की सुव्यवस्थित रखने की जिम्मेदारी नप को:** बैठक के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा महाशिवरात्रि से शुरू होने वाले दस दिवसीय मेले में लगने वाली दुकानों की व्यवस्था की पूर्ण जवाबदारी नगर परिषद को सौंपी गई है।

**अवंतीबाई स्टेडियम में कोटेश्वर महोत्सव का आयोजन :** कोटेश्वर महोत्सव के संबंध में जानकारी से अवगत कराते हुए एसडीएम श्री सिंहसार ने कहा की स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मंशा है की इस वर्ष वे रानी अवंतीबाई स्टेडियम में महाशिवरात्रि के दिन से 8 दिनों तक कोटेश्वर महोत्सव मनाएंगे जिसको लेकर विभागीय तौर पर बैठक होना शेष है जिसमें कोटेश्वर महोत्सव संबंध में रूपरेखा तैयार की जाएगी। शांति समिति की बैठक के दौरान एसडीएम कमलचंद सिंहसार, एसडीओपी अंजुल अयंक मिश्र, थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी, पंडित उदित गोस्वामी, श्रीमती मोना सिद्धू कौर, ए.के. श्रीवास्तव अध्यक्ष मेला समिति, प्रमोद अग्रवाल, बबीता पशीने, राजेश अग्रवाल, दिनेश रामटेक्कर, मयूर सुले, पवन कश्यप, संतोष श्रीवास, रामानुज तिड़के, आशीष भंडारकर, संजय विश्वकर्मा, रोशन सिंह कल्चुरी, संजय टेंभरे, कपिल अग्रवाल, गौरव बैस, अविनाश रेंच, योगेंद्र दहीकर, संदीप रामटेक्कर सहित अन्य मौजूद रहे।

# पुलिस में दर्ज करवाई शिकायत : दो भाईयों से ठगी के शिकार हुए देशमुख दंपत्ति

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



जमीन की खरीदी-बिक्री के नाम पर भोले-भाले और नौकरी पेशा लोगों को ठगने वाले कटंगी शहर के मुंदीवाड़ा के दो भाईयों की करतूत अब लगातार सामने आ रही है. मोहित और दीपक श्रीवास नाम के इन दो युवा भाईयों ने कई लोगों को जमीन खरीदी-बिक्री के नाम पर ठगा है. सोमवार को जहां अर्जुननाला निवासी कोमल प्रसाद बावने ने ऑन लाइन एफआइआर दर्ज करवाई थी. वहीं मंगलवार को दोपहर 02 बजे कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम उमरी निवासी देशमुख दंपत्ति ने भी इन दोनों भाईयों की पुलिस शिकायत दर्ज करवाई है. देशमुख दंपत्ति ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले भी दोनों भाईयों के खिलाफ थाने में एक लिखित शिकायती आवेदन सौंपा था. जिसकी आज तक जांच नहीं की गई।

देशमुख दंपत्ति ने बताया कि शहर में विवेकानंद स्कूल के पीछे नई कालोनी में मोहित श्रीवास ने 2480 वर्ग फुट के प्लाट का सौदा 9 लाख रुपये में किया था. जिसका एक एग्रीमेंट बना था. मोहित श्रीवास ने अलग-अलग किस्तों में कुल 7 लाख 50 हजार की राशि ली. इस बीच अरुण देशमुख एक हादसे का शिकार हो गए तो वह प्लाट की रजिस्ट्री कराने में अक्षम हो गए. ऐसे में मोहित श्रीवास ने देशमुख दंपत्ति से कहा कि वह प्लाट किसी और को बेच रहा है प्लाट बिक्री के बाद जो राशि मिलेगी. उससे उनका साढ़े 07 लाख रुपए लौटा देगा. देशमुख दंपत्ति ने भी अपनी आर्थिक स्थिति को देखते हुए इस पर हामी भर दी तो मोहित श्रीवास ने 05 अक्टूबर 2023 को उक्त प्लाट को किसी अन्य को बेच दिया. मोहित श्रीवास ने प्लाट बेचने के बाद देशमुख दंपत्ति को तब 2 लाख 50 हजार रुपए की राशि वापस लौटाई और बकाया 5 लाख रुपये वापस लौटाने के लिए समय मांगा परंतु आज तक यह बकाया राशि नहीं लौटाई है. मोहित श्रीवास ने देशमुख दंपत्ति को लगातार गुमराह किया और अलग-अलग बैंक के चेक दिए है. जिस बैंक के चेक मोहित श्रीवास ने देशमुख दंपत्ति को जिन उन बैंक खातों में राशि ही नहीं है।

अरुण देशमुख ने बताया कि उन्होंने कई बार मोहित श्रीवास से संपर्क किया और पैसा वापस करने की मांग की लेकिन अब मोहित श्रीवास उन्हीं को धमकी दे रहा है. मोहित श्रीवास पुलिस को अपनी जेब में रखने और सभी को खरीद लेने की बात कहकर अरुण देशमुख को जहां जाकर शिकायत करना है वहां शिकायत करने की धमकी भी दे चुका हैं. 2-4 लाख रुपये देकर पुलिस को खरीद लूंगा और उल्टा देशमुख दंपत्ति को ही झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी दे रहा था. जिससे तंग आकर देशमुख दंपत्ति ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई और पुलिस से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

**खबर संक्षेप**

## कालीपुत्र कालीचरण महाराज का सिवनी आगमन 23 को

**विशाल धर्म सभा का आयोजन**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** श्री राम सेना के तत्वावधान में छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में एक विशाल धर्म सभा का आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य आयोजन 23 फरवरी को शाम 4 बजे शुक्रवारी चौक, सिवनी में होगा, जिसमें कालीपुत्र कालीचरण जी महाराज मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य हिंदू समाज में एकता, राष्ट्रभक्ति और शिवाजी महाराज के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाना है। श्री राम सेना के पदाधिकारियों ने बताया कि यह धर्म सभा ऐतिहासिक महत्व रखती है, जिसमें हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी एवं श्रद्धालु शामिल होंगे।



## जल उपयोगिता समिति की बैठक 25 फरवरी को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग व्ही पी चौधरी द्वारा बताया गया कि वर्ष 2024-25 के लिए रबी सिंचाई का लक्ष्य एवं सिंचाई संचालन के दौरान कृषकों को होने वाली कठिनाईयों के निराकरण के उद्देश्य से मंगलवार 25 फरवरी को दोपहर 03.00 बजे कलेक्टर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में इच्छुक कृषक प्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिकगण उपस्थित होकर सुझाव उपलब्ध करा सकते हैं।

# कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाईन प्रकरणों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर लगाया अर्थदण्ड

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सु संस्कृति जैन ने सी.एम. हेल्पलाईन में अधिक समय से लंबित तथा लेवल आफिसर द्वारा शिकायतों को नियमित अडेंट नहीं किया जाना एवं लेबल अधिकारी द्वारा बिना निराकरण दर्ज कर अनिराकृत शिकायतें (Not Attending) शिकायतें अगले लेबल पर पहुंचना जैसी लापरवाही पाए जाने पर कुल 31 लेवल ऑफिसर पर प्रति शिकायत राशि रु. 100/- के मान से 6700 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित करने के आदेश जारी किए हैं।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

जिसमें प्रदीप सनोडिया कनिष्ठ अभियंता पर 100 रूपये, मोरिस नाथ उपसंचालक कृषि पर 100 रूपये, रविन्द्र ताराम जिला प्रबंधक पर 100 रूपये, वी के उइके एक्जिकेटिव इंजीनियर पर 100 रूपये, मति पूर्व तिवारी पीओ डुडा पर 100 रूपये, अनुराग रावल मुख्य कार्यपालन अधिकारी पर 700 रूपये, सु रेखा देशमुख मुख्य कार्यपालन अधिकारी पर 100 रूपये, जयकिशन शर्मा सब इंजीनियर पर 100 रूपये, डॉ. ज्योतिबाला जैन पशु चिकित्सा अधिकारी पर 100 रूपये, मती राज मेश्राम सीडीपीओ पर 100 रूपये, अमृत लाल धुर्वे तहसीलदार पर 500 रूपये, बिसन सिंह अनुविभागीय अधिकारी पर 400 रूपये, मती मीना दशरिये तहसीदार पर 200 रूपये, आर के हनुमंते कार्यपालन यंत्री पर 100 रूपये, डॉ. अमृत लाकरा विकासखंड चिकित्सा अधिकारी पर 500 रूपये,




डॉ. विनोद कुमार नावकर सिविल सर्जन पर 300 रूपये, डॉ. राजेन्द्र कुमार विकासखंड चिकित्सा अधिकारी पर 100 रूपये, मती सोनू तिवारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी पर 100 रूपये, डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पर 100 रूपये, पीयुष गौतम परिक्षेत्र अधिकारी पर 300 रूपये, शरद कुमार जोशी उप अंचल प्रबंधक पर 100 रूपये, विकास राठौर क्लस्टर हैड पर 100 रूपये, आनंद सुमन डिप्टी जोनल मैनेजर पर 600 रूपये, मनौज जैन असिस्टेंड जनरल मैनेजर पर 900 रूपये, आशु गर्ग सर्किल हैड पर 100 रूपये, री शैलेन्द्र सिंह बोहरा फील्ड जनरल मैनेजर पर 100 रूपये, एस एल सोनार्थी मुख्य प्रबंधक पर 200 रूपये, विवेक बंसल व्ही पी पर 100 रूपये, प्रवीण कुमार दिसोरिया अग्रणी शाखा प्रबंधक पर 100 रूपये, एस एस कुमरे डी ई ओ पर 100 रूपये, बी डी वरकड़े विकासखंड शिक्षा अधिकारी पर 100 रूपये अर्थदण्ड किया गया है।

आदेशानुसार अधिरोपित अर्थदण्ड की राशि जिला रेडक्रास सोसायटी, जिला सिवनी खाते में जमा करने के आदेश अधिकारियों को दिए गए हैं।

# नियम विरूद्ध संचालित वाहनों पर परिवहन विभाग द्वारा की गई कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग द्वारा 19 फरवरी को सिवनी एवं अन्य चेक प्वाइंट में जाँच की गई। जिसमें 08 वाहनों पर कुल 17 हजार रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया। जाँच दौरान स्कूल बस क्रमांक MP22L0395 जिस पर बिना फिटनेस के संचालन किए जाने पर 2000/- का समन शुल्क आरोपित किया गया। इसी तरह वाहन क्रमांक MH40CM3432 tksजिस पर ओवर लोडिंग पाये जाने पर 05 हजार रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। इसी तरह स्कूल वाहन क्रमांक MP22P0331 जिस पर नियम विरूद्ध संचालित पाये जाने के कारण 02 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित करते हुए अन्य 05 वाहनों से 08 हजार रूपये का समन शुल्क वसूल किया गया।

## 24 कुण्डीय गायत्री का प्रारम्भ

धर्म की नगरी धारनाकला मे आज से विशाल 24 कुण्डीय गायत्री महा यज्ञ प्रारम्भ हो चुका है आज प्रथम दिवस भारी तादाद मे महिलाओ ने कलश लेकर नगर का भ्रमण किया तथा जयकारे के साथ यज्ञ स्थल मे पहूचकर यज्ञ की शुरूआत की उल्लेखनीय है की धर्म की नगरी धारनाकला मे प्रति वर्ष वर्षो से धार्मिक आयोजन होते आ रहे है और इन धार्मिक आयोजनो मे महिला शक्ति की विशेष भूमिका सामने आती रही है एवं समय समय पर ग्राम की महिलाऐ एक जुट होकर आयोजन का हिस्सा रही है और यही कारण है धारनाकला मे अनेक वर्षो धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न होते आ रहे है गायत्री यज्ञ के पश्चात ही धारनाकला मे विशाल रूप से महिला शक्ति के द्वारा ही श्री मद भागवत महापुराण का भी आयोजन रखा गया जिसका लाभ तथा भगवान की अमरत्व कथा का श्रवण करने का अवसर महिलाओ और श्रोताओ को प्राप्त होगा



# नगर पालिका वसूल रही अवैधानिक अतिरिक्त जलकर : नवेंदु मिश्र

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर पालिका सिवनी वैसे तो अपने अधिकारों और कार्यशैली के लिए पहले से मशहूर है पर इस बार तो नगर पालिका बहुत अधिक सीमाए पार कर रही है। नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा वर्ष 2019 मे एक प्रस्ताव पारित कर सिवनी शहर के जल कर को 60 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये किया गया था परंतु चुनावों एवं अन्य कारणों से इसे लागू नहीं किया गया। इसके पश्चात 2024 तक कोई कर वृद्धि नही की गई परंतु सप्टेंबर 2024 मे अचानक पुनः यह कर बढ़ाकर 2019 के प्रस्ताव के अनुरूप उसी समय से लागू मानते हुए अंतर राशि पिछले 60 माह की 40 रुपये की दर से वसूल रहे थे। उसी समय अधिवक्ता नवेंदु मिश्र के द्वारा विरोध दर्ज कराया गया एवं अन्य पार्षदों के द्वारा इस अवैध वसूली का विरोध किए जाने पर तत्कालीन सी एम ओ सिवनी के द्वारा ये वसूली रुकवाई गई एवं बाद हुआ जल कर सप्टेंबर 2024 से ही वसूले जाने का निर्णय लिया गया।



इस विषय पर नागरिक मोर्चा के सदस्यों एवं नवेंदु मिश्र के द्वारा कलेक्टर सिवनी से मुलाकात कर इस आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया था जिसे उनके द्वारा स्वीकार कर कार्यवाही का आश्वासन दिया गया था जिसके पश्चात बढ़ हुआ जलकर सप्टेंबर 2024 के बाद ही वसूल किया जा रहा था। इसके पश्चात फरवरी 2025 मे फिर नगर पालिका को पिछला बकाया जल कर याद आया और उसने फिर वसूली प्रारंभ कर दी। नगर पालिका एक कानून के हिसाब से चलती है जिसके अंतर्गत उसे भूतकालिक वृद्धि और वसूली के अधिकार प्राप्त नहीं है। इस विषय पर नगरपालिका अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से बात करने पर उन्होंने बताया की इस विषय पर पुनः परिषद कि बैठक मे विचार किया जाकर इस आदेश के लागू होने की तिथि का निर्धारण किया जाएगा। जनता से अपील है कि परिषद की आगामी बैठक होने तक अपने जलकर का भुगतान न करे परिषद के फैसले के पश्चात ही भुगतान सुनिश्चित करे। यदि पालिका द्वारा जनता के हितो के विपरीत कोई भी फैसला लिए जाएगा तो इसकी कानूनी एवं जमीनी लड़ाई पूरी ताकत से लड़ी जाएगी।

# मान्यता अशासकीय विद्यालय विशेष विलंब शुल्क के साथ 25 तक कर सकेंगे ऑनलाईन आवेदन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा बताया गया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत सत्र 2025-26 हेतु अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण, नवीन मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि 7 फरवरी 2025 एवं विशेष विलंब शुल्क के साथ 14 फरवरी 2025 निर्धारित की गई थी। वर्तमान में पोर्टल से प्राप्त जानकारी अनुसार सिवनी जिले में कई ऐसे विद्यालय हैं, जिनकी मान्यता 31 मार्च 2025 को समाप्त हो रही है परंतु उनके द्वारा मान्यता नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया गया है। आज दिनांक तक सिवनी जिले अंतर्गत 47 नवीन मान्यता एवं 278 मान्यता नवीनीकरण इस प्रकार कुल 325 आवेदन किए गए हैं, जबकि इनमें से केवल 277 आवेदनों को अंतिम रूप से लॉक किया गया है। शेष विद्यालयों द्वारा आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई है। शिक्षा का अधिकार नियम 11 के उपनियम 4(ग) में स्पष्ट उल्लेखित है कि कोई भी स्कूल निर्धारित समयावधि में विहित प्रक्रिया अनुसार ऑनलाईन आवेदन नहीं करता है तो स्कूल की मान्यता विहित समयावधि के पश्चात स्वतः ही समाप्त हो जाएगी तथा किसी ऐसे स्कूल को संचालित करना निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (2009 का 35) का उल्लंघन होगा तथा धारा 18 के अधीन दण्डनीय होगा। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्रए भोपाल के पत्र क्रमांक 698 दिनांक 18-02-2025 के द्वारा अशासकीय स्कूलों द्वारा मान्यता नवीनीकरण, नवीन मान्यता हेतु विशेष विलंब शुल्क सहित आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। इसके उपरांत मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं की जा सकेगी। शेष निर्देश यथावत रहेंगे। पुनः सूचित किया जाता है कि जिन अशासकीय विद्यालयों की मान्यता 31 मार्च 2025 को समाप्त हो रही है उन्हे मान्यता नवीनीकरण आवेदन निर्धारित समय-सीमा में किया जाना अनिवार्य है। आवेदन करने के पश्चात आरटीई पोर्टल के माध्यम से निर्धारित राशि का ऑनलाईन भुगतान कर आवेदन को अंतिम रूप से लॉक किए जाने पर ही आवेदन पूर्ण हो सकेगा। सभी अशासकीय विद्यालयों के संचालकों को सूचित किया जाता है कि नवीन मान्यता, मान्यता नवीनीकरण के आवेदन निर्धारित समय-सीमा में ऑनलाईन एप्प के माध्यम से प्रस्तुत करना सुनिश्चत करें। विस्तृत जानकारी हेतु संदर्भित पत्र का अवलोकन किया जावे एवं जिला, जनपद शिक्षा केन्द्रो में स्थापित हेल्प डेस्क का सहयोग लिया जा सकता है।

### 7 करोड़ की लागत से बनने वाला नया बस टर्मिनल ठण्डे बस्ते मे

# इधर, शहर की ट्रैफिक व्यवस्था हुई बदहाल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। दो बस स्टैंड होने के बावजूद बस ड्राइवर मनमाने तरीके से सडक़ों पर यात्रियों को चढ़ाने उतारने के लिए बसें रोक रहे हैं, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बन रही है।

नगर के प्रमुख मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद यातायात व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है। जबलपुर-नागपुर मार्ग पर स्थिति गंभीर है। नगरपालिका से शंकर मढिय़ा तक की मुख्य सडक़ पर दिन में कई बार जाम लगता है। इस मार्ग से नागपुर, छिंदवाड़ा जाने वाली बसों के साथ-साथ एंबुलेंस और निजी वाहनों का भी आवागमन होता है।

## 7 करोड़ की लागत से बनेगा नया बस टर्मिनल

इस स्थिति सुधारने के लिए रेलवे स्टेशन के सामने बीज निगम की 15 हेक्टेयर भूमि पर नया बस टर्मिनल बनाने की योजना है। करीब 7 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित इस टर्मिनल के लिए 15 महीने पहले भूमि की स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है।



# धूमा पुलिस ने 24 घण्टों के भीतर अपहृता बालिका को तलाश कर परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज सिवनी। पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता द्वारा नाबालिक बालक-बालिकाओ की दस्तयावी कार्यवाही करने हेतु जिले के सभी थाना प्रभारीयो को आदेशित किया गया था। आदेश के पालन में थाना स्तर पर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। इसी तारतम्य मे पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश स्तर पर भी नाबालिक बालक बालिकाओ की दस्तयावी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान दिनांक 16.02.24 को प्रार्थी विष्णु पिता कढोरी चौधरी उम्र 60 साल निवासी राठी थाना धूमा जिला सिवनी ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि मैं ग्राम राठी थाना धूमा रहता हूँ। बनी मजदुरी का काम करता हूँ। मेरी चार लडकी एवं तीन लडका है। मेरी चारो लडकियो की शादी हो चुकी है। मेरी लडकी कविताबाई की लडकी (अपहृता) उम्र 14 साल 08 माह की मेरे साथ ग्राम राठी में ही रहती है। मेरी लडकी कविताबाई नागपुर मजदूरी करने गई है। मेरे घर में मैं मेरी पत्नि ग्यारसीबाई, नातिन एवं नाती रहते है। दिनाँक 15/02/25 को हम परिवार के सभी लोग रात्री 08.00 बजे खाना खा पीकर सो गये थे रात्री करीबन 12.00 बजे जब मेरी नींद खुली तो मैने देखा तो मेरी नातिन (अपहृता) घर पर नही थी। जिसकी तलाश पतासाजी आसपास पडौस में एवं नाते रिश्तेदारी में पतासाजी किये कोई पता नही चला। मुझे लगता है कि मेरी नातिन (अपहृता) को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा कर ले गया है। रिर्पोट करता हूँ। कार्यवाही की जावें।, कि रिपोर्ट पर थाना धूमा मे अपराध धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। मामले की गंभीरता को समझाते हुए तत्काल थाना धूमा द्वारा विशेष टीम का गठन करते हुए मुखबिरी लगाते हुए जानकारी प्राप्त की गई, जो सूचना प्राप्त होने पर सूचना पर पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के आदेशानुसार अति. पुलिस अधीक्षक सिवनी जी डी शर्मा के निर्देशन मे तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन श्री अपूर्व भलावी के मार्ग दर्शन मे बिना देर किये स्थान पर जाकर गुमशुदा (अपहृता) को समक्ष गवाहो के दस्तयाब किया गया

## आज से डॉक्टर काली पट्टी लगाकर करेंगे विरोध

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले में शासकीय स्वशासी चिकित्सक और मेडिकल कॉलेज के शिक्षकों ने मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर सीएचएमओ को ज्ञापन सौंपा है। मध्य प्रदेश शासकीय स्वशासी चिकित्सक महासंघ 15 हजार डॉक्टर का प्रतिनिधित्व करता है। ये डॉक्टर लोक स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, श्रम, गृह और गैस राहत विभाग में कार्यरत हैं। अमानक दवाइयों की सांकेतिक होली जलाएंगे आंदोलन की रूपरेखा इस प्रकार है। 20 और 21 फरवरी को डॉक्टर काली पट्टी लगाकर विरोध करेंगे।

22 फरवरी को आधे घंटे का कार्यस्थल के बाहर प्रदर्शन होगा। इस दिन अमानक दवाइयों की सांकेतिक होली भी जलाई जाएगी। 24 फरवरी को प्रदेशव्यापी सामूहिक उपवास के साथ एक घंटे का विरोध प्रदर्शन होगा। 25 फरवरी से प्रदेशव्यापी प्रशासनिक असहयोग आंदोलन शुरू होगा। आंदोलन के दौरान इमरजेंसी सेवाएं जारी रहेंगी। उच्च स्तरीय समिति का गठन समेत अन्य मांगो कादिया ज्ञापन डॉक्टरों की प्रमुख मांगें हैं - उच्च स्तरीय समिति का गठन, जिसमें महासंघ के पदाधिकारी और विभागीय अधिकारी शामिल हों। 4 अक्टूबर 2023 को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए निर्णय के मुताबिक मेडिकल कॉलेज शिक्षकों को 7वें वेतनमान का लाभ दिया जाए। साथ ही चिकित्सकों को समयमान और चयन वेतनमान के पिछले डेढ़ साल के बकाया आदेशों को एक महीने में लागू किया जाए।

# किसान के खेत से सिंचाई के पाईप चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी जी. डी. शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. अर्पित भैरम व्दारा थाना क्षेत्र मे तत्परता से कार्यवाही की जा रही है। दिनाँक 18.02.2025 को प्रार्थी पेरसिंह पिता रघुनाथ उइके उम्र 47 साल निवासी बीसापुर थाना बंडोल ने रिपोर्ट लेख कराया कि इसके खेत मे फसलों की सिंचाई के लिये 25 पाईप मेकनो कंपनी के बिछाया था जिसे दिनाँक 15-16/02/2025 के बीच में कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द अप.क्र. 78 / 25 धारा 303 (2) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द किया जाकर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना के मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर संदेही हियाराम पिता संतलाल उइके उम्र 50 साल निवासी कुकलाह थाना बंडोल से सख्ती से पूछताछ की गई जिसने घटना दिनाँक 15-16/02/2025 के बीच पेरसिंह उइके के खेत में बिछी सिंचाई की 25 पाईप मेकनो कंपनी के चोरी करना व स्वयं के खेत में छिपाना स्वीकार किया है, आरोपी हियाराम से चोरी किये गये 25 पाईप मेकनो कंपनी कीमती 25000 रूपये के जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया है, व आरोपी के विरूध्द विधि अनुसार कार्यवाही की गई है। जप्तीः- सिंचाई के 25 पाईप मेकनो कंपनी के कीमती 25000 रूपये नाम आरोपीः- हियाराम पिता संतलाल उइके उम्र 50 साल निवासी कुकलाह थाना बंडोल।

### लखनादौन में आस्था की अनूठी पहल

# जलकूपों में गंगाजल प्रवाह, कुंभ का पुण्य घर बैठे

**हरिभूमि न्यूज लखनादौन।** कैलाश विजयवर्गीय के मार्गदर्शन में, नगरीय प्रशासन विकास भोपाल के आदेशानुसार, नगरीय निकाय ने समाज में जल संरक्षण और पारंपरिक जल स्रोतों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक अनूठी पहल की है।

## महाकुंभ 2024 से पवित्र जल का उपयोग

प्रयागराज में 144 वर्ष बाद हो रहे महाकुंभ 2024 के अवसर पर, त्रिवेणी संगम से पवित्र जल लाकर शहर के प्रमुख ऐतिहासिक जल स्रोतों, जैसे बाबड़ी कुआं और रानीताल तालाब में प्रवाहित किया गया। इस पवित्र जल को माननीय अध्यक्ष महोदय श्रीमती मीना बलराम गोल्हानी ने अपने कर कमलों से जल स्रोतों में विसर्जित किया।

## लखनादौन नगर परिषद की अनुकरणीय पहल

लखनादौन नगर परिषद ने एक अनुकरणीय पहल करते हुए नगर के सभी जलकूपों में गंगाजल प्रवाहित किया है। इस पुनीत कार्य का उद्देश्य उन श्रद्धालुओं को कुंभ स्नान का पुण्य प्रदान करना है जो विभिन्न कारणों से प्रयागराज नहीं जा पाते हैं।

गंगाजल प्रवाह कार्यक्रम

नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती मीना बलराम गोल्हानी एवं सभी पार्षद गण, कार्यपालक अधिकारी, कर्मचारी, नगर एवं वार्ड के



गणमान्य नागरिक एवं जनता की उपस्थिति में नगर के सभी कुओं में प्रयागराज से लाया गया पवित्र गंगाजल प्रवाहित किया गया।

## अध्यक्ष महोदय का वक्तव्य

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती मीना बलराम गोल्हानी ने कहा कि जो बुजुर्ग या बीमार व्यक्ति, बच्चे या आम जनता महाप्रयाग पहुंचकर गंगा स्नान नहीं कर पा रहे हैं, वे इन जलकूपों में पहुंचकर स्नान कर प्रयागराज कुंभ त्रिवेणी संगम का पुण्य अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल जल स्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता और समर्पण का प्रतीक है। नेतृत्व श्रीमती मीना बलराम अध्यक्ष निर्देशन सुश्री गीता वाल्मीकि मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती गोल्हानी ने नगर एवं क्षेत्र वासियों से जल स्रोतों में पहुंचकर पूजन अर्चन कर प्रयागराज से लाया गया पुण्य मां गंगा का पवित्र जल प्रवाहित कर स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करने की कामना की।

## कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति

इस कार्यक्रम में श्रीमती मीना बलराम गोल्हानी, आशीष गोल्हानी, श्रीकांत गोल्हानी, गोलू कुमरे, सेवक झारिया, गेंदालाल सहलाम, रमन यादव, गजाधर श्रीवास्तव, माधुरी वरमैया, माधुरी शर्मा एवं अनेक महिलाओं, नगर परिषद के कर्मचारी गण ने जल स्रोतों में पहुंचकर पूजन अर्चन कर बाबली, मीठा कुआं, खारा कुआं, रानीताल तालाब, राम मंदिर के सामने कुआं, 7 नंबर वार्ड का कुआं एवं अन्य जल स्रोतों में पूजन अर्चन कर प्रयागराज से लाया गया पुण्य मां गंगा का पवित्र जल प्रवाहित किया। यह पहल नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है और नागरिकों द्वारा इसकी सराहना की जा रही है।

# विधायक के प्रयास से गंजटोला में बनेगी सड़क

**गणेशगंज हरिभूमि न्यूज गणेशगंज लखनादौन।** जनपद पंचायत की बडी ग्रामपंचायत गणेशगंज से गंजटोला तक पक्की सडक़ नही होने से ग्रामीण जनों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता था।

लेकिन अब लखनादौन विधानसभा के श्रे क्षेत्रीय विधायक योगेंद्र सिंह बाबा एवं ग्राम पंचायत गणेशगंज द्वारा की गई कार्यवाही से शीघ्र ही गंज टोला तक पक्की सडक़ का निर्माण किया जावेगा मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय विधायक श्री योगेंद्र सिंह बाबा एवं ग्राम पंचायत गणेशगंज द्वारा किए गए प्रयासों से ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती राजकुमारी सैयाम जनपद सदस्य अजय सिंह ठाकुर उप सरपंच बृजेश तिवारी जनपद सदस्य अजय सिंह ठाकुर रेवाराम उइके सचिव शंकर यादव पटवारी मिथलेश बालाराम यादव की उपस्थिति में प्रधानमंत्री सडक़ योजना सिवनी के सब इंजीनियर प्रवीण सिंह बाघमारे के द्वारा गणेशगंज से गंजटोला का सडक़ निर्माण का सवै काये किया गया।



ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती राजकुमारी सैयाम ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक श्री योगेंद्र सिंह बाबा एवं ग्राम पंचायत गणेशगंज द्वारा की गई कार्रवाई की फल स्वरुप यह सडक़ निर्माण का सर्वे किया गया वर्ष 2025 के अंत तक सडक़ निर्माण होने की संभावना है सर्वे कार्य से ग्रामवासीयो में हर्ष की लहर है।

### चारों शव बरामद, कुछ घायल जंगल में छिपे; इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी

# बालाघाट : मुठभेड़ में 4 महिला नक्सली ढेर





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के गढ़ी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक मुठभेड़ में 4 महिला नक्सलियों को मार गिराया है। सभी के शव भी बरामद कर लिए गए हैं। बताया जा रहा है कि कुछ घायल नक्सली जंगल की ओर भाग गए। पुलिस इलाके में सर्चिंग कर रही है। सूपखार वनक्षेत्र के रौंदा फॉरेस्ट कैंप के पास पुलिस और हॉक फोर्स ने ये कार्रवाई की है।

एएसपी विजय डाबर ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। एएसपी ने बताया कि मारी गई महिला नक्सलियों के पास से एक इंसास राइफल, एक एसएलआर राइफल और एक 303 राइफल बरामद की गई है। इसके अलावा, दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री भी मिली है।

दोपहर में सीएम डॉ. मोहन यादव ने वीडियो जारी कर पुलिस को बधाई दी है। सीएम ने X पोस्ट पर कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में गृहमंत्री अमित शाह जी वर्ष 2026 तक देश से नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए अभियान चला रहे हैं और हमारी सरकार भी इस दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा यह हमारी नीति का हिस्सा है।

इस नीति के बलबूते पर राज्य में नक्सलवादी, आतंकवादियों को हटाने के लिए पुलिस जान की बाजी लगाकर काम कर रही हैं। प्रदेश में पुलिस इस मूवमेंट को खत्म करके ही दम लेगी। बालाघाट और बाकी जगह जहां भी जरूरत होगी पूरी जगह हमने व्यवस्था बनाई है और उम्मीद करेंगे की आगे इस मूवमेंट को खत्म करके ही हमारी पुलिस दम लेगी।

**जंगल में सर्चिंग में जुटीं पुलिस की 12 से ज्यादा टीमें**

एएसपी ने बताया कि नक्सलियों की तलाश के लिए जंगल में जवान सर्चिंग में जुटे हैं। हॉक फोर्स, सीआरपीएफ, कोबरा और जिला पुलिस बल की 12 से अधिक टीमें सर्च ऑपरेशन में जुटी हैं। हालांकि पुलिस की ओर से मुठभेड़ को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। मारी गई महिला नक्सलियों की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### लालबर्रा कबाड़ी दुकान में बिक रही अवैध संपत्ति

# गली मोहल्ले में अवैध कबाड़ का धंधा, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।





नगर के थाने के आसपास खुलेआम कबाड़ियों का अवैध कारोबार फल फूल रहा है। थाना प्रभारी से लेकर पुलिस स्टाफ रोजाना कबाड़ी दुकान संचालकों के पास से आना-जाना कर रहे हैं। दुकानों में रखे अवैध सामानों पर नजर भी पड़ रही है लेकिन कबाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पुलिस हिम्मत नहीं जुटा पा रही है, यही वजह है कि अब चोर अवैध सामान आसानी से कबाड़ी दुकानों में खपा रहे हैं। जिम्मेदारों की निष्क्रियता से चोर और कबाड़ियों का धंधा बढ़ गया है। थाने के पीछे व आसपास से कबाड़ी दुकानों की लाइन शुरू होती है। कबाड़ी दुकानों की जांच करने व गलत खरीदी करते पाए जाने पर कबाड़ियों पर कार्रवाई करने या उनकी दुकान बंद करवाने के लिए पुलिस हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। पुलिस संरक्षण से ही कबाड़ दुकान संचालित हो रही है, इस व्यवसाय में पुलिस और प्रशासन का कोई रोक-टोक व समय-समय पर कोई जांच नहीं होती है। कबाड़ी कबाड़ सामान को सड़क तक फैला कर रखते हैं, संचालक बेधड़क बिजली ट्रांसफार्मर के लोहे व तार को खरीद रहे हैं फिर दूसरी जगह महंगे दाम में सप्लाई करते हैं। बाईक के पुर्जे-पुर्जे अलग-अलग करके व अन्य चोरी के सामान कबाड़ में खपाना आम बात हो चुकी है। चोरी की घटनाएं भी बढ़ी हैं। इन दिनों शहर के गली मोहल्ले से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में भी जगह-जगह कबाड़ दुकान संचालित हो रही है। सभी संचालक प्रत्येक सप्ताह सैकड़ों क्विंटल लोहे का कबाड़ खरीद रहे हैं, इतनी मात्रा में लोहा टीन टप्पर कहां से आ रहा है इसके बारे में किसी को पता नहीं है, दूसरी ओर जैसे-जैसे कबाड़ दुकानों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है इसी तरह चोरी की घटनाएं भी बढ़ती जा रही है। चोर नए-नए क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

**जानकर भी अनजान बनें हैं अधिकारी :** टू व्हीलर गाड़ी हो या फिर फोर व्हीलर गाड़ी कबाड़ वाले हमेशा पेपर देखकर ही खरीदते हैं लेकिन लालबर्रा में कबाड़ी वाले बिना पेपर की कई गाड़ियां खापा चुके हैं। यहां तक की एक ही पेपर में दर्जनों गाड़ियां काटकर बेच देते हैं। कई शासकीय संपत्ति भी कबाड़ में खरीदी जाने की सूचना विश्वसनीय सूत्रों द्वारा दी गई है और यह जानकारी पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों को भी है बावजूद कबाड़ वालों पर कोई कार्रवाई नहीं होना संदेह को जन्म दे रहा है। विगत वर्ष मीडिया कर्मियों के पास शिकायत आने पर मोक्षधाम के पास स्थित एक कबाड़ी दुकान में जाकर देखा गया तो सरकारी संपत्ति जैसे हैंडपंप के पुर्जे, हैडपम्प पाइप, पीडब्ल्यूडी के सांकेतिक बोर्ड व उसके पट्टे, पानी की मोटर आदि अनेक आपत्तिजनक सामग्री देखने में आई थी, जिस आशय की खबर भी अनेक समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी, बावजूद तब से लेकर अब तक जिम्मेदार प्रशासनिक अमले द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## मदरसा जामेआ नूरीया छात्रों को ईनाम वितरित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट नगर के वार्ड नं. 10 में स्थित जिले के सबसे पुराने मुस्लिम समाज के शिक्षा प्रदान करने वाले मदरसा जामेआ नुरिया में गत दिवस अध्ययनरत छात्रों के मध्य परीक्षा परिणाम के पश्चात ईनाम वितरित किये गये। यह परीक्षा मजहबी शिक्षा पर आधारित थी जहां पर बच्चे कुराने-ए-पाक का कंठस्थ याद करने का कार्य करते है। उसके बाद उन्हें हाफिज बनने का खिताब प्रदान किया जाता है। इस मदरसे में मजहबी तालिम के आलावा हिन्दी की भी शिक्षा प्रदान की जाती है। यह संपूर्ण मदरसा दानदाताओं के माध्यम से संचालित किया जाता है। वार्षिक परीक्षा परिणाम के पश्चात ईनाम वितरित करने के इस कार्यक्रम में मदरसे के प्रमुख मौलाना हबीब शहरेकाजी, मौलाना आफताब खान, अध्यक्ष मदरसा जामे नूरिया, हाफिज जफर, हाफिज इस्लाम, हाफिज असलम, तारीक कलिमुल्ला, मौलाना तामिल, हाजी अब्दुल खलीक, मास्टर इरशाद की उपस्थिति प्रमुख थी। इस मदरसे में दिनी के अलावा दुनियाई तामिल को भी महत्व देते हुए बच्चों को शैक्षणिक रूप से मजबूत बनाया जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी मुस्लिम विद्वानों से मुस्लिम समाज से आव्हान किया है कि वह अधिक से अधिक अपने बच्चों को शिक्षित करे, उस पर ध्यान दे, क्योंकि बिना तालिम के जिदंगी दुनिया में अधूरी है। क्योकि तालिम कामयाबी के रास्ते खोलती है, उम्मीद करते है कि हर मां बाप अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी तालिम दिलाकर उन्हें शिक्षित बनाने में जोर देगें। मदरसा जामू नूरिया में जब तक सैकडो की संख्या में बच्चे हाफिज बनकर अनेक स्थानों पर मस्जिद एवं मदरसों में अपने खिदमत को अंजाम दे रहे है।

## चरेगांव में लगा एनएसएस का शिविर



***लामता कॉलेज के छात्र 7 दिन स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर जागरूक करेंगे***

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट के लामता कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय आवासीय शिविर बुधवार को शुरू हुआ। यह शिविर चरेगांव के राजा भोज सामुदायिक भवन में लगा है।

इसमें एनएसएस के छात्र-छात्राएं ग्रामीणों को जन स्वास्थ्य और व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जागरूक करेंगे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डुलेश्वरी टेंभरे ने बताया कि छात्र साफ-सफाई, संक्रामक बीमारियों से बचाव और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ग्रामीणों का मार्गदर्शन करेंगे।

उद्घाटन समारोह में चरेगांव की सरपंच मीना बिसेन मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम में लामता महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष विनोद बोथरा, समाजसेवी बाबूलाल राहंगडाले, रामदयाल अमूले, पंच चौनीबाई मरकाम, निशा नीलवंशी, सरिता मसराम, वन विकास समिति अध्यक्ष महेंद्र उइके, क्रीड़ा अधिकारी प्रवेश यादव और डॉ. चंद्रशेखर कटरे भी मौजूद थे।

## सहकारी समितियों के निर्वाचन के लिए आरओ नियुक्त

**बालाघाट।** मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री एमबी ओझा ने सहकारी समिति के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या. लोढ़ागी के लिए श्री संतोषसिंह कचवाहा, जरेरा के लिए श्रीमती पार्वती धुर्वे व अमई के लिए श्री भूपेंद्र वासनिक को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। सहकारी समिति लोढ़ागी, जरेरा व अमई के निर्वाचन संबंधी कार्यक्रम अनुसार सहकारी समिति में महिला पदों के विनिश्चय के लिए संचालक मंडल की बैठक के लिए सूचना जारी करने की तिथि लोढ़ागी व जरेरा मे 2 मार्च और अमई मे 1मार्च, वही सभी सहकारी समितियों के संचालक मंडल की बैठक 5 मार्च, आमसभा की सूचना एवं निर्वाचन कार्यक्रम जारी किए जाने की तिथि 6 मार्च, नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की तारीख 13 मार्च, नामांकन पत्रों की जाँच एवं वैध पत्रों की सुचो का प्रकाशन 15 मार्च, नामांकन पत्रों की वापसी, चुनाव चिन्हों का आवंटन 16 मार्च, मतदान एवं मतगणना का कार्य 22 मार्च, रिक्त स्थानों एवं व्रतीक संचालकों के संयोजन का कार्य 23 मार्च, रिक्त स्थानों के नामांकन का कार्य 24 मार्च, अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु सूचना जारी करने का कार्य 25 मार्च, अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन का कार्य 28 मार्च को सम्पन्न किया जाएगा।

## आपातकालीन नंबर महिलाओं की सुरक्षा का है अहम हिस्सा

बालाघाट। कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में निरंतर गतिविधियों का क्रियान्वयन जारी है। इसी के अंतर्गत कार्यक्रम के चौथे सप्ताह में बुधवार को आपातकालीन नंबर का प्रचार प्रसार करने ग्राम समनापुर , काकोरी एवं भानेगांव में छात्र छात्राओं एवं ग्रामीणजनों को विभिन्न आपातकालीन नंबर से अवगत कराया गया। जिसमें महिला हेल्पलाइन नंबर 181 के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि यह नंबर महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए है। यदि किसी महिला के साथ घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न या अन्य किसी भी प्रकार के महिला संबंधित आपात स्थिति होती है, तो वह इस नंबर पर कॉल कर सहायता मांग सकती हैं। वहीं चाईल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 बालक, बालिकाओं द्वारा आपातकालीन स्थिति पर उपयोग किया जा सकता है।

## जल संसाधन विभाग के 2 एसडीओ को कलेक्टर ने जारी किए नोटिस

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जल संसाधन विभाग के दो एसडीओ को शोकॉज नोटिस जारी किया है। जल संसाधन अनुविभाग के तिरोड़ी के एसडीओ व ढूटी बायीं तट नहर अनुभाग क्र.6 के एसडीओ को नोटिस जारी किया गया है। मामला 25 जनवरी एवं 19 फरवरी का है। जिसमे 25 जनवरी को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या से कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर अनुबंधित शासकीय वाहन उपलब्ध कराया जाना था। वहीं 19 फरवरी को शासकीय अनुबंधित वाहन प्रातः 8:30 बजे पुलिस लाइन बालाघाट में उपलब्ध कराना था। इन दोनों ही मामलों में एसडीओ की लापरवाही सामने आयी है। जिससे के शासकीय कार्यो में बाधा उत्पन्न हुई है। इसके फलस्वरूप कलेक्टर श्री मीना ने दोनों ही एसडीओ को शोकॉज नोटिस जारी करते हुए 3 दिवस के भीतर जवाब मांगा गया है। वही संतोषजनक जवाब प्राप्त नही होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए गए है।

## शंकर नगपुरे ने खेत के पानी की मोटर चोरी करने वालों के विरुद्ध की कार्यवाही की मांग

### एसडीओपी वारासिवनी व सीएम हेल्पलाइन पर कि शिकायत,लालबर्रा पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप



**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** पुलिस थाना अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मोहगांव (धपेरा) खोंगाटोला निवासी शंकरलाल नगपुरे ने खेत पर से पानी कि मोटर चोरी करने वाले गांव के हि चार लोगों के विरुद्ध लिखित शिकायत एसडीओपी वारासिवनी से 17/2/2025 दिन सोमवार को कि है। तथा इसकी शिकायत मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित सीएम हेल्पलाइन पर 6/2/2025को भी आनलाइन शिकायत कि गई है जिसका शिकायत क्रमांक 30856932 है। तथा शिकायतकर्ता शंकर नगपुरे ने लालबर्रा पुलिस पर लापरवाही का भी आरोप लगाया है।

वहीं शिकायत पत्र में उल्लेख है कि शिकायतकर्ता के द्वारा गांव के हि चार लोगों के विरुद्ध लिखित शिकायत कि गई जिसमें अमित दशरिये पिता परसराम दशरिये,जयकिशन पिता ओमकार नगपुरे,संतोष दमाहे पिता बेनीराम दमाहे व लोकेश नगपुरे पिता पुरनलाल नगपुरे हैं।शिकायतकर्ता कि कृषि भूमि जो कि ग्राम बिरसोला में स्थित है जिसका खसरा नंबर 37/3 रकबा 3.00 एकड़ है उक्त भूमि पर स्थित बोरवेल में लगी पानी की मोटर जो की चोरों के द्वारा चुरा ली गई है जिसके चोरी होने के संबंध में प्रथम सूचना संदेह के आधार पर पुलिस थाना लालबर्रा में दर्ज करा दी गई है, शिकायतकर्ता द्वारा दिनांक 31.1.2025 को की गई संदेह कि रिपोर्ट के आधार पर पुलिस लालबर्रा द्वारा आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है, जबकि सूचनाकर्ता को तरह-तरह से धमकियां भी दी जा रही है तथा चोरी की घटना की जानकारी रखने वाले गवाहों को भी धमकियां दी जा रही है,ऐसी स्थिति में यह आवश्यक हो गया है कि घटना स्थल पर तत्काल पहुंचकर धमकी देने वाले लोगों एवं आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु लालबर्रा पुलिस को निर्देशित किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

**शिकायतकर्ता ने लालबर्रा पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप :** वहीं शिकायतकर्ता शंकरलाल नगपुरे ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि मेरे द्वारा लालबर्रा थाने में 31/1/2025 को शिकायत संबंधित आवेदन दिया गया था तथा मेरे द्वारा शिकायत कि रिसिप्ट मौजूद पुलिसकर्मियों से मांगी गई थी तो उनके द्वारा स्पष्ट रूप से मना कर दिया गया तथा उपस्थित पुलिसकर्मियों द्वारा कहा गया कि चोरी कि शिकायत कि कोई रिसिप्ट थाने से नहीं मिलती है। तथा मेरे द्वारा अनावेदकों के विरुद्ध कई बार कार्यवाही हेतु पुलिस थाना में जाकर निवेदन किया गया लेकिन पुलिस ने मेरे आवेदन पर आज दिनांक तक किसी भी प्रकार कि कोई कार्यवाही नहीं कि है।जिस वजह से मुझे एसडीओपी वारासिवनी व सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करवाना पड़ा। वही पुलिस कार्यवाही नहीं होने के चलते चोरों के हौसले बुलंद हैं। साथ ही इन लोगों से मुझे व मेरे परिवार को भय भी है क्योंकि यह लोग अपराधिक प्रवत्ति के लोग हैं। वहीं अब देखना यह है कि आखिरकार पुलिस कब तक कार्यवाही करती है या फिर आवेदक ऐसे ही परेशान होते रहेगा।

## अब 21 फरवरी को सामूहिक विवाहः दिव्यांग कार्यक्रम की वजह से बदलाव

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के कटंगी जनपद में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत होने वाले सामूहिक विवाह की तारीख में बदलाव किया गया है। पहले यह कार्यक्रम 23 फरवरी को होना था, लेकिन अब यह 21 फरवरी को होगा। इस सामूहिक विवाह में 600 से ज्यादा जोड़ों की शादी होनी है।

जनपद पंचायत कटंगी ने यह बदलाव इसलिए किया है क्योंकि 23 फरवरी को मुख्यालय में दिव्यांगों को उपकरण वितरण का कार्यक्रम रखा गया है।

**तारीख में बदलाव से परिवार वालों को हो रही परेशानी**

अम्बेझरी के धनराम खुने ने बताया कि 23 फरवरी की तारीख के हिसाब से रिश्तेदारों को कार्ड बांट दिए हैं। गाड़ी, पंडाल और अन्य व्यवस्थाएं भी इसी तारीख के लिए बुक करा ली हैं।

**इनका कहना हैं**

एक ही दिन दो सरकारी कार्यक्रम नहीं हो सकते। विवाह की तारीख 21 से 23 फरवरी के बीच तय की गई थी। लेकिन दिव्यांग कार्यक्रम की वजह से इसमें बदलाव करना पड़ा है।

**गौरव पारधी, विधायक**

## शिवाजी जयंती पर निकली शोभायात्रा

### कुनबी समाज के कार्यक्रम में सांसद पारधी ने कहा- महाराज थे कुशल प्रशासक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में प्रगतिशील कुनबी समाज ने बुधवार को छत्रपति शिवाजी जयंती मनाई। समाज के जिलाध्यक्ष सुनील खोटेले और संरक्षक इंजी. दिवाकरसिंह पटेल के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा आंबेडकर चौक से प्रारंभ हुई। यह विभिन्न मार्गों से होते हुए कमला नेहरू महिला मंडल परिसर तक पहुंची। यहां सांसद भारती पारधी की उपस्थिति में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। सांसद पारधी ने कहा कि शिवाजी महाराज कुशल प्रशासक और साहसी योद्धा थे। उन्होंने मुगलों को परास्त कर मराठा साम्राज्य की स्थापना की। संरक्षक इंजी. दिवाकरसिंह पटेल ने बताया कि शिवाजी महाराज ने हिंदुत्व की रक्षा की। वे कुनबी वंश के वीर शासक थे। जिलाध्यक्ष सुनील खोटेले ने कहा कि शिवाजी महाराज ओजस्वी और ऊर्जावान शासक थे। उनके शौर्य की गाथा आज भी प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में महासचिव शिवशंकर शिवणकर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भागवत कुथे और कोषाध्यक्ष श्रीराम दानी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शोभायात्रा के दौरान छत्रपति शिवाजी मंडी में स्थापित महाराज की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

## छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई

**वारासिवनी।** महाराज छत्रपति शिवाजी जयंती के अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज सेना वारासिवनी की ओर से वारासिवनी नगर के रामपायली सडक़ मार्ग पर स्थित परशुराम भवन के सामने स्थित छत्रपति शिवाजी चौक पर स्थापित छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति के समक्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेना के सदस्यों ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का रुद्राभिषेक कर माल्यार्पण किया। इस दौरान उपस्थितजनों नेशिवाजीमहाराज की जय के नारे लगाए।

# उमराह कर मक्का से लौटे इसराइल कुरैशी एवं हमराह जाहिदा कुरैशी

### नाते रिश्तेदारों एवं करीबियों ने किया इस्तकबाल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



फासलों को तकल्लुफ हैं हमसे, मगर हम भी बेबस नहीं बेसहारा नहीं, जैसे ही सब्ज गुम्बज नजर आएगा, सिर झुकाने की फुर्सत मिलेगी किसे, खुद ही आंखों से सजदे टपक जाएंगे' की तर्ज पर मक्का-मदीना की 15 दिनों तक जियारत कर सेवा निवृत प्राचार्य मोहम्मद इसराइल कुरैशी एवं पत्नी जाहिदा कुरैशी उमराह कर वापस अपने घर लौटे। जहां रिश्तेदारों एवं स्थानीय मुस्लिमों द्वारा गुलपोशी व उनके हाथों का बोशा लेकर इस्तकबाल किया।

इस दौरान पुत्र मोहम्मद इम्तियाज कुरैशी, बहू नीलोफर कुरैशी, पुत्र मोहम्मद इमरान राजा कुरैशी, बहु रायना कुरैशी, फैजान नोमान, रयान, नानी सकीना बी, खाल सलमा अली सहित मोहम्मद युसुफ कुरैशी, ताजुल निशा, अनीश खान, शाहिदा खान, अशफाक खान, बब्बू भाई, परवेज जावेद, राशिद भाई, नप्पू भाई, फारूख अली, राजा भाई मिस्त्री, रफीक खान, गनी भाई सहित बड़ी संख्या में नाते रिश्तेदार एवं मुस्लिम भाई उपस्थित रहे ।

गौरतलब है कि सेवानिवृत प्राचार्य मोहम्मद इसराइल कुरैशी एवं पत्नी जाहिदा कुरैशी अपने अन्य परिजनों के साथ 24 जनवरी से 9 फरवरी तक 15 दिवसीय मक्का व मदीना शरीफ उमराह करने गए हुए थे। मोहम्मद इसराइल कुरैशी एवं पत्नी जाहिदा कुरैशी अपने अन्य करीबियों के साथ उमराह कर अपने घर लौटने पर स्थानीय परिजनों समेत समाजजनों ने उनका फूलों के हार एवं हाथों का बोसा लेकर इस्तकबाल किया।

इस दौरान कटंगी रोड स्थित निज निवास पर न्याज रखी गई, जिसमें नाते पाक पढ़ते हुए जायरीनों ने पूरे मुल्क में अमन, शांति व भाईचारे के लिए दुआएं की। उमराह से लौटने पर मोहम्मद इसराईल कुरैशी के घर उनके मिलने वाले रिश्तेदारों व नगरवासियों का आना लगा रहा। इस दौरान सभी ने जायरीनों को गले मिलकर बधाई दी। इस अवसर पर उमराह से लौटे मोहम्मद इसराईल मास्टर ने कहा कि अल्लाह व इस्लाम धर्म के मानने वाले सभी मुसलमानों की यह तमन्ना होती है कि वह अपनी जिंदगी में एक बार मक्का-मदीना का हज या उमराह जरूर करे व रोजे ए रसूल सल्ललाहो व अलैह वसल्लम अपनी आंखों से देखे। मैं व मेरा परिवार खुशनसीब है कि हमनें रोजा ए रसूल देखा। उन्होंने बताया कि मदीना व मक्का पहुंच कर सभी पाक स्थानों की जियारते व इबादत की जिससे हमें काफी सुकून मिला।

**कार्यालय जनपद पंचायत लालबर्रा, जिला बालाघाट (म.प्र.)**

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

क्र./579/ज.पं./मु.मं.क.यो. / 2025 लालबर्रा, दिनांक 17.02.2025

कार्यालय कलेक्टर (सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण) बालाघाट का आदेश कमांक /1028/ दिनांक 22.11.2024 के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना आदि में लगने वाली सामग्री (1) टेन्ट सामग्री (2) भोजन सामग्री (3) दुल्हा-दुल्हन हेतु साफा, चुनरी एवं गमछा की पृथक-पृथक सामग्रीवार दरे निविदा प्रपत्र अनुसार दिनांक 28/02/2025 को समय 01.00 बजे अपरान्ह तक अर्हताधारी प्रतिष्ठानों / फर्मो से सील बंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। निर्धारित तिथि/समय पश्चात प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। समय पर प्राप्त निविदाओं को खोलने की कार्यवाही दिनांक 28/02/2025 को समय अपरान्ह 03.00 बजे से निविदाकर्ताओं के समक्ष गठित कार्यालयीन समिति द्वारा की जावेगी। सामग्रीवार पृथक-पृथक निविदा प्रपत्र दिनांक 18.02.2025 से दिनांक 27.02.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तक निविदा फार्म राशि 500.00 (पांच सौ रूपये) नगद जमा करने पर प्राप्त की जा सकेगी।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत लालबर्रा**